


साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**



वर्ष : 5 | अंक : 24 गोंदिया : गुरुवार, दि. 23 जनवरी से 29 जनवरी 2025 पृष्ठ : 4 मूल्य : रु. 5

## 8 किलो गांजे की तस्करी 1 नाबालिक सहित 2 आरोपी हिरासत में लोकल क्राइम ब्रांच व रामनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले में बड़े पैमाने पर उड़ीसा से गांजे की तस्करी की जा रही है इसी के अंतर्गत 17 जनवरी 2025 को लोकल क्राइम ब्रांच को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत उड़ीसा निवासी 1नाबालिक सहित 2 गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर 8 किलो 325 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त किया। गौरतलब है की गोंदिया जिले में मादक पदार्थो की तस्करी बड़े पैमाने पर बढ़ चुकी है तथा आए दिन अनेक मामले सामने आ रहे हैं जिसे देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे द्वारा सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत तस्करो पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत 17 जनवरी को लोकल क्राइम ब्रांच को मिली गुप्त जानकारी के अनुसार रायपुर से ट्रेन के द्वारा दो व्यक्ति गांजा लेकर गोंदिया आ रहे हैं। जिस पर गोंदिया के रामनगर पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके पहुंचने पर दोनों आरोपियों की जांच किए जाने पर स्कूल बैग में सेलो टेप से लपेटकर रखे गए 8 बंडल प्राप्त हुए जिन्हें गवाह व पंचों के समक्ष खोले जाने पर उसमें मादक पदार्थ गांजा पाया गया जिसका वजन 8 किलो 325 ग्राम तथा जिसकी अंदाजन कीमत 1 लाख 67500 बताई गई। इस तस्करी में एक 17 वर्षीय नाबालिक सहित दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया। आरोपी में देवेंद्र धनेश्वर बेहरा (48 वर्ष, निवासी कदलीमुंडा तहसील ङ्क किशोर नगर, जिला ङ्क अंगुल, राज्य ङ्क ओड़िशा ) तथा 17 वर्षीय विधिसंघर्ष बालक ( निवासी महुलमुंडा साही, कदलीमुंडा पो. ठाणे, तालुका ङ्क किशोर नगर, जिला ङ्क अंगुल, राज्य ङ्क ओडिशा) के खिलाफ रामनगर पुलिस थाने में फरियादी सपोनि धीरज राजुरकर की शिकायत पर एन. डी. पी. एस. कानून की धारा 8 (क), 20, 29 के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच रामनगर पुलिस द्वारा की जा रही है।

उपरोक्त करवाई वरिष्ठों के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक दिनेश लबडे, रामनगर थाने के पुलिस निरीक्षक प्रवीण बोरकुटे, सपोनि धीरज राजुरकर, पुलिस उपनिरी शरद सैदाणे, पोहवा राजू मिश्रा, महेश मेहर, नेवालाल भेलावे, भुवनलाल देशमुख, सुजीत हलमारे, संतोष केदार, दुर्गेश पाटिल, चापोशी- घनश्याम कुंभलवार , रामनगर थाने के पुलिस उप नि अमोल वाघमोड़े, राजेश भूरे, सुनील सिंह चौहान, सरोज घरडे, कपिल नागपुरे, श्याम फुंडे ने की ।

# सैफ अली खान के संदिग्ध हमलावर को रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग ने धरदबोचा ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच में कर रहा था सफर






**बुलंद गोंदिया।** फिल्म स्टार सैफ अली खान पर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले संदिग्ध आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग की टीम ने ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस के जनरल कोच से पकड़ लिया है । जिसकी जानकारी मुंबई पुलिस को दी गई आरोपी को हिरासत में लेने के लिए मुंबई की पुलिस दुर्ग की ओर रवाना हो चुकी है । यह कार्यवाही 18 जनवरी को दोपहर दुर्ग रेलवे स्टेशन पर की गई है। जिस आरोपी को हिरासत में लिया गया है उस आरोपी का नाम आकाश कैलाश कनोजिया उम्र 31 बताया गया है। गौरतलब है कि ,फिल्म स्टार सैफ अली खान के घर में प्रवेश कर आरोपी ने 15 जनवरी की रात को चाकू से हमला किया था जिसमें सैफ अली खान गंभीर रूप से घायल हो गया । इस मामले में हमले के आरोपी की फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद होकर सामने आई ।लेकिन वह घटनास्थल से बड़े आसानी से फरार हो गया था। इस आरोपी को पहचान तथा पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस ने फोटो प्रसारित की थी। जानकारी के अनुसार बताया गया कि 18.जनवरी को निरीक्षक रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग को दोपहर 12꞉24 बजे मुंबई स्थित जुहू पुलिस थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक पुलिस स्टेशन से सैफ अली खान को चाकू मारने के मामले में एक संदिग्ध आकाश कैलाश कन्नोजिया, उम्र 31 वर्ष के ट्रेन नंबर 12101 ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से यात्रा करने के बारे में सूचना मिली एवं उनके द्वारा संदिग्ध की फोटो व टावर लोकेशन साझा की ।उस वक्त ट्रेन गोंदिया और राजनांदगांव स्टेशन के बीच थी। उक्त सूचना प्राप्त होते ही इंस्पेक्टर रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए प्राप्त निर्देशानुसार रेल्वे सुरक्षा बल राजनांदगांव को सूचना दी गई तथा संदिग्ध का फोटो और मोबाइल फोन टावर लोकेशन भी भेजा गया। मामले की गंभीरता को समझते हुए रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा दुर्ग स्टेशन पर दो टीमों का गठन किया गया और ट्रेन में सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान इंस्पेक्टर रेल्वे सुरक्षा बल दुर्ग एस.के. सिन्हा, आरक्षक श्रीराम मीना और महिला आरक्षक निर्मला द्वारा जनरल डिब्बे नंबर 199317/सी मे यात्रा कर रहे उक्त संदिग्ध को पकड़ा गया। संदिग्ध की तस्वीर मुंबई पुलिस को भेजी गई, संदिग्ध की पहचान की पुष्टि होने पर संदिग्ध को रेल्वे सुरक्षा बल पोस्ट दुर्ग लाया गया एवं वीडियो कॉल के माध्यम से मुंबई पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर संदिग्ध के पकड़े जाने की सूचना दी गई। मुंबई पुलिस की टीम आज 20꞉00 बजे तक हवाई मार्ग से रायपुर पहुंचेगी। मुंबई पुलिस के पहुचने उपरांत रेल्वे सुरक्षा बल द्वारा संदिग्ध आरोपी को अग्रिम कार्यवाही हेतु मुंबई पुलिस को सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल संदिग्ध आरोपी को रेल्वे सुरक्षा बल दुर्ग की हिरासत मे रखा गया है।

### ब्राह्मण महिला मंडल का हल्दी-कुमकुम 24 को

गोंदिया-स्थानीय श्री राजस्थानी ब्राह्मण महिला मंडल द्वारा प्रति वर्ष सौभाग्य के प्रतीक हल्दी कुमकुम का त्योहार बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है. इस वर्ष भी यह त्योहार विभिन्न कार्यक्रमों को साथ लेकर बहुत ही उत्साह और उमंग के साथ 24 जनवरी को समाज की महिलाओं के लिए श्री राजस्थानी ब्राह्मण सभा भवन में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में इस वर्ष विविधता के साथ मनोरंजन खेल प्रतिस्पर्धा, नृत्य प्रस्तुति, पूजन सामग्री से विभिन्न कलाकृतियां बनाओ प्रतियोगिता, उखाणे व शायरी तथा ढोल नगाड़े के साथ मस्ती धमाल करते हुए मनाया जाएगा.

#### समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों की लूट का कार्यक्रम

इसके साथ ही समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों की लूट का कार्यक्रम भी किया जाएगा. कार्यक्रम का ड्रेस कोड राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा में घाघरा, नथ, बोरला अथवा साड़ी निर्धारित किया गया है. श्री राजस्थानी ब्राह्मण समाज की समस्त महिलाओं को उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहने के लिए अध्यक्ष पूजा सुनील शर्मा, सचिव नेहा मनीष शर्मा, कविता महेंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष व समस्त महिला मंडल कार्यकारिणी श्री राजस्थानी ब्राह्मण महिला मंडल ने आमंत्रित किया है.

## कनपटी पर रिवाल्वर लगाकर सराफा व्यापारी से सोने के जेवरात व नगदी की लूट हवा में किया फायर



**बुलंद गोंदिया।** तिरोडा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जूनेवाणी के समीप 21 जून की रात 12꞉00 के दौरान सराफा व्यापारी की कनपटी पर बंदूक लगाकर सोने के जेवरात व नगदी की लूट करने के साथ ही आरोपियों द्वारा हवा में गोली चलाकर दहशत निर्माण की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जनवरी की रात फरियादी तिरोडा निवासी सराफा व्यवसाय गौरव निनावे उसका एक मित्र आकाश नंदरधने यह दांडेगांव स्थित पलाश रिजॉर्ट से एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर अपने घर तिरोड़ा वापस लौट रहे थे इसी दौरान 12꞉00 बजे के करीब वे जब ग्राम जूनेवाणी के समीप पहुंचने पर सामने से पल्सर पर सवार तीन व्यक्तियों ने सामने आकर कार को रोकने का इशारा कर पता पूछा तथा आरोपियों द्वारा गाड़ी का कांच नीचे करने के लिए कहा गया। कांच नीचे करते ही आरोपी द्वारा हवा में गोली चलाकर फरियादी गौरव की कनपटी पर रिवाल्वर रख जबरन डकैती कर फरियादी के पास से सोने की चेन वह नगद रकम इस प्रकार कुल 3 लाख की लूट की। इस घटना के पश्चात फरयादी गौरव निनावे द्वारा गंगाझरी थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। मामले की शिकायत दर्ज होने पर गंगाझरी पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू की है। इस प्रकार की घटना से जिले में हड़कंप मच गया है कि रात के समय शादी समारोह या अन्य कार्यों से आने वाले लोग अब सुरक्षित नहीं रहे जिससे उनके साथ कभी भी इस प्रकार की लूट व डकैती की घटना अब घटित हो सकती है जिससे आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग पीड़ित द्वारा की गई है।

## एके-47 रायफल से गोली मारकर पुलिस हवलदार ने की आत्महत्या एओपी धाबेपवनी की घटना





बुलंद गोंदिया। गोंदिया जिला पुलिस विभाग के अंतर्गत आने वाली एओपी धाबेपवनी चौकी में गुरुवार16 जनवरी की दोपहर1 से1.30 बजे के दरमियान कार्य पर तैनात पुलिस हवलदार ने एके - 47 रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया जिले के देवरी तहसील के अंतर्गत आने वाले शंभुटोला /कड़ीकसा निवासी जयराम कारू कोरोटे बक्कल क्रमांक 24 उम्र 50 वर्ष गोंदिया पुलिस दल में पुलिस हवलदार के पद पर कार्यरत था तथा वर्तमान में वह नवेगांवबांध पुलिस थाना अंतर्गत आने वाली एओपी धाबेपवनी चौकी में कार्यरत था। जिसने गुरुवार 16 जनवरी की दोपहर 1 से 1꞉30 बजे के दरमियान अपने पास की एक-47 राइफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली इस घटना से पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के नक्सल ग्रस्त क्षेत्रों में माओवादियों पर नजर रखने के लिए बड़े पैमाने पर एओपी का निर्माण किया गया है। इसी के तहत नवेगांवबांध पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम धाबेपवनी में भी एओपी का निर्माण किया गया था इसी एओपी में तैनातमें तैनात हैंड कांस्टेबल जयराम कोरोटे द्वारा किन कारणों से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या की इसकी जानकारी समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आ पाई थी। हालांकि संभावना जताई जा रही है कि कुछ दिनों पूर्व जयराम की तिरोडा पुलिस थाने में तबादला हुआ था जिसके कारण आत्महत्या की ऐसी आशंका व्यक्त की जारी है लेकिन इस संदर्भ में पुलिस विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की पुष्टि नहीं की है, साथ ही मृतक के पास से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। उपरोक्त घटना की जांच नवेगांव पुलिस थाने की पुलिस निरीक्षक योगिता चपले द्वारा की जा रही है।

### कार्य पर तैनात पुलिस कर्मी द्वारा गोली मारकर आत्महत्या करने का दो माह में दूसरा मामला

गोंदिया जिला पुलिस विभाग में गत दो माह के अंदर दो पुलिस कर्मियों द्वारा कार्य पर तैनाती के दौरान गोली मारकर आत्महत्या करने की यह दूसरी घटना घटित हुई है। इसके पूर्व बिरसी एयरपोर्ट में कार्यरत पुलिसकर्मी द्वारा भी आत्महत्या की गई थी तथा आज यह दूसरी घटना घटित हुई है।

## एनसीसी शिक्षक ने नाबालिक छात्रा के साथ की अश्लील हरकत, तिरोडा के शहीद मिश्रा विद्यालय का मामला





**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता तिरोड़ा )** - तिरोडा शहर के शहीद मिश्रा विद्यालय में कार्यरत क्रीडा शिक्षक द्वारा दसवीं की नाबालिक छात्रा के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया तथा इस घटना से पालकों में असंतोष निर्माण होने के साथ ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ तिरोडा पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरोडा के शाहिद मिश्रा विद्यालय में कक्षा दसवीं की नाबालिक छात्रा एनसीसी की भी छात्रा थी। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के दौरान आरोपी शिक्षक द्वारा उसके साथ अश्लील हरकत की गई। उपरोक्त घटना 16 से 19 जनवरी के दौरान घटित हुई जिसमें आरोपी एनसीसी के शिक्षक सुनील आत्माराम शेंडे उम्र 52 वर्ष द्वारा 16 जनवरी को सुबह 8꞉30 बजे के दौरान पिड़िता के साथ अश्लील हरकत की तथा उसी दिन शाम को भी इस प्रकार की हरकत की व इस घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की धमकी दी। इस दौरान नाबालिक छात्रा की सहेलियां भी साथ में थी जिन्हें आरोपी शिक्षक द्वारा कक्षा से बाहर भगा दिया था।

इस घटना से घबराई छात्र घर पहुंची तथा अपने परिजनों को जानकारी नहीं दी तथा वह इस घटना से घबराकर 17 व 18 जनवरी को स्कूल नहीं आई 19 जनवरी को स्कूल आने पर आरोपी शिक्षक द्वारा उसे कक्षा में ले जाकर अलमारी के पीछे फाइल निकालने की बात कह कर उसके साथ फिर से अश्लील हरकत की जिससे घबराकर छात्र द्वारा घर पहुंच कर अपनी बड़ी मां को इस घटना की जानकारी दी।

इसके पश्चात पीड़िता की बड़ी मां, बड़े पिताजी वह पिता द्वारा पुलिस थाने में पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई फरियादी की शिकायत के अनुसार आरोपी के खिलाफ धारा 74, 75 (1)(1 ) भारतीय न्याय संहिता व सहायक धारा 8,12 बाल लैंगिक अत्याचार संरक्षण कानून 2012 के तहत मामला दर्ज किया गया तथा उपरोक्त मामले की जांच पुलिस निरीक्षक अमित वानखेड़े के मार्गदर्शन में पुलिस उप निरीक्षक दिव्या बरळ द्वारा की जा रही है।

तिरोडा में खलबली शिक्षा के मंदिर में एक शिक्षक द्वारा नाबालिक छात्रा के साथ अश्लील हरकत किए जाने की घटना मिलते ही तिरोडा के शिक्षा क्षेत्र में काफी हड़कंप मच गया तथा आक्रोशित पालक वर्गों वह नागरिकों द्वारा थाने में पहुंचकर आरोपी शिक्षक के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

## पूर्व विधायक जैन ने की समाज के कार्यों की प्रशंसा स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज की पादुका दर्शन समारोह संपन्न



**गोंदिया**-अनंत श्री विभूषित जगगुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज पादुका दर्शन का पुण्य कार्य टी.बी. टोली मैदान गोंदिया में संपन्न हुआ. पादुका दर्शन समारोह में पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया. धर्म के क्षेत्र में पुरे देश में सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में योगदान के साथ सार्वजनिक उपक्रम के माध्यम से जन सामान्यों के प्रेरणादायी व समाज के कल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने की. इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, पूजा अखिलेश सेठ, नितेश भुरे, सुरेश हर्षे, राजेश चतुर, देवीसिंह राजपूत, राहुल काले, हरिदास वराडे, राजेंद्र भोयर, सोयजी अप्पासाहेब, उमेश खापडे, संतोष भुरे, जोशी, मेश्राम, वैशाली चतुर, मेश्राम, सुनील ब्राह्मणकर, रौनक ठाकूर, तुषार उके सह बड़ीसंख्या में भाविक उपस्थित थे.

## कुदल के दंडे से मारकर किया घायल



**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत पिपरटोला (धानोली) निवासी फिर्यादी लालसिंग श्रावण मच्छिरके (45) रोजगार गारंटी योजना के काम पर गया था. वह बेनीराम तोरणकर के साथ बातचीत कर रहा था. फिर्यादी ने कहा कि मैं शराब अपने पैसे की पीता हूं, किसी के बाप के पैसे की नहीं पिता. इस दौरान आरोपी मेहतरलाल अमृतलाल मच्छिरके (47) व एक व्यक्ति उसके पास आया व उसके साथ धक्का-मुक्की कर कुदल के दंडे से मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर सालेकसा पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## धमकी देकर की लात-घुसों से मारपीट

**गोंदिया**-रामनगर थाने के तहत आंबेडकर चौक, कुड़वा निवासी फिर्यादी आनंद अंबर भालाधरे (52) अपने घर पर आराम कर रहा था. इसी बीच आरोपी विकास उर्फ विक्की उके (32) ने शराब पीकर उसके घर के दरवाजे को लात मारा व हॉल में प्रवेश किया. फिर्यादी ने उसे तु यहाड़ु क्यों आया ऐसा कहा, जिप पर आरोपी ने फिर्यादी के साथ गालीगलौज कर परिवार को जान से मारने की धमकी दी.

वहीं लात-घुसों से मारपीट की. फिर्यादी की शिकायत पर रामनगर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच हवलदार वनवे कर रहे हैं.

## संपादकिय...

# विकास में नियोजन

लैंड पूलिंग के जरिए हिमाचल शहरी विकास का खाका बीबीएन की जमीन पर उतर कर एक, आश्वासन दे रहा है। यहां भू संपत्ति के मालिक पूलिंग समझौते के तहत न केवल शहरी विकास के रेखांकन में अव्वल होंगे, बल्कि इससे एक व्यवस्थित बीबीएन का मानचित्र भी बनेगा। भले ही टीसीपी कानून की शर्तों में ऐसे उपाय शुरुआत में ही कर लेने चाहिए थे, लेकिन देरी से सही एक राह तो सामने आई। बीबीएन अब तक औद्योगिक प्रसार का डेस्टिनेशन बना रहा, जबकि यह एक महानगर के अवतार की क्षमता की संभावना रखता है। लैंड पूलिंग से भी हिमाचल की भौगोलिक परिस्थितियों को शहरी योजनाओं के सांचे में ढालना आसान हो जाएगा। जाहिर तौर पर बीबीएन के अनुभव प्रदेश के हर शहरी क्षेत्र और खास तौर पर नगर निगमों के दायरे में लागू हों, तो कई शहरों का एक तरह से पुनर्गठन होगा और सार्वजनिक जमीन के इस्तेमाल की किफायत भी होगी। अब तक का शहरी विकास केवल सरकारी जमीन की उपलब्धता या निजी भूमि की बिक्री पर ही हुआ है। देखते ही देखते हमने बेहतरीन उपजाऊ जमीन, घाटियां, खेत और पर्यावरणीय माहौल उजाड़ा है। हम विकास में नियोजन करने की संस्कृति और जवाबदेही को अपना ही नहीं सके, नतीजतन अफरातफरी में आफताब डूब गया और हमारे सामने बढ़ते अंधेरों की चुनौती है। क्योंकि हिमाचल के 55673 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में से 37033 वर्ग किलोमीटर वन भूमि है। इस तरह वन भूमि के तहत 68.16 प्रतिशत जमीन का होना, हमारे विकास के लिए मात्र 31 प्रतिशत क्षेत्रफल ही छोड़ता है। इतना ही नहीं, निजी व सार्वजनिक भूमि की किस्म, उस पर उगे पेड़ व भौगोलिक स्थिति के कारण कई तरह की पर्यावरणीय चुनौतियों के कारण भी हमने अपने आशियाने या व्यापार के परिसर बनाने में अधिकांश जमीन का दुरुपयोग ही किया है। हर गांव के भीतर कितने ही शहर उग रहे और शहरों ने असंख्य गांवों की आर्थिकी को समेट लिया। अब सवाल यह भी कि किसे गांव माने और कितने निर्माण को सही ठहराएं। सही निर्माण के लिए टीसीपी की परिधि में आना ही पड़ेगा। शहर या शहर जैसी व्यवस्था हर तरह के निर्माण पर लागू हो, तो हम विकास को नियोजित करके सार्वजनिक और निजी भूमि की फिजूलखर्ची रोक पाएंगे। हिमाचल के तमाम प्रशासनिक व अन्य शहरों में सार्वजनिक भूमिका का न केवल अनावश्यक इस्तेमाल रोकना होगा, बल्कि अब तक के सरकारी निर्माण को भी व्यवस्थित करना होगा। एक कोशिश प्रेम कुमार धूमल सरकार ने की थी, जब बहुविभागीय इमारतें या मिनी सचिवालय बनने लगे, लेकिन आज भी कई विभाग आबंटित जमीन का बेहूदा इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को छोडक़र तमाम सरकारी इमारतों को एक एजेंसी के तहत पूल किया जाए, तो वित्तीय संसाधन और सार्वजनिक जमीन भी बचेगी। इसके लिए सार्वजनिक एस्टेट विकास प्राधिकरण का गठन करना होगा, जो विभागीय भवनों के इस्तेमाल और भविष्य के निर्माण को किफायती ढंग से लागू कर पाएगी।

# छोटा गोंदिया-चुलोद मार्ग का पुल हुआ जर्जर

### रेलिंग भी टूटी, नया पुल बनाने की मांग विधायक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा



**गोंदिया**-छोटा गोंदिया-चुलोद मार्ग पर पांगोली नदी पर बनाया गया पुल सकरा होने के साथ-साथ जीर्ण भी हो चुका है। इस पुल पर दोनों ओर लगी रेलिंग भी टूटने लगी है, जिसके चलते इस मार्ग पर यातायात में खतरा निर्माण हो गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। जिसे देखते हुए इस पुल के स्थान पर शीघ्र ही नये चौड़े पुल का निर्माण कराया जाना आवश्यक है। तत्कालीक उपाय योजना के रूप में लोकनिर्माण विभाग को वर्तमान पुल के दोनों ओर सुरक्षा की दृष्टि से लोहे की रेलिंग लगाई जाना चाहिए। शासन से तत्कालीक पुल के स्थान पर नये पुल के निर्माण कार्य को मंजुरी देने की मांग को लेकर समाजसेवी डिम्पल तीर्थराज उके के नेतृत्व में विधायक विनोद अग्रवाल को एक निवेदन सौंपा गया। गौरतलब है कि, पुल सकारा होने के कारण पुल पर से एक बार में एक ही चौपहिया वाहन गुजर सकता है, जिसकी वजह से यहा प्रतिदिन जाम लग जाता है। इस मार्ग से रोज बड़े वाहन, स्कूल बसें, ऑटो रिक्शा चलते हैं। पुल के दोनों ओर लगी रेलिंग के लोहे के सुरक्षा पाइप असामाजिक तत्वों द्वारा निकाल दिये गये हैं। इस वजह से इस पुल पर दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। इस मार्ग से हर दिन गोंदिया शहर सहित चुलोद, दतोरा, आसोली, नवरगांवखुर्द, नवरगांवकला, मोरवाही, इरीं आदि गांव के नागरिक एवं विद्यार्थी आना-जाना करते हैं। इस संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल ने 20 जनवरी को कार्यकारी अभियंता लोकनिर्माण विभाग को भी निवेदन सौंपकर पुल की मरम्मत के साथ ही नये पुल के निर्माण के लिये कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। निवेदन देनेवाले प्रतिनिधि मंडल में तीर्थराज उके, मीना मेश्राम, शीला वाकले, भावना उके, सूर्यभान मेश्राम का समावेश था।

# 5 साल से फरार आरोपी को रेलवे पुलिस ने दबोचा



**गोंदिया**-गोंदिया रेलवे पुलिस में दर्ज मामले का आरोपी पिछले 5 साल से फरार था. आरोपी को आरपीएफ ने बिहार पुलिस की मदद से नेपाल सीमा के पास एक सुदूर इलाके से गिरफ्तार किया. आरोपी का नाम किशनगंज जिला (बिहार), खोदागंज ठाणा बहादुरगंज निवासी निजामुद्दीन शेख फरमुद्दीन शेख (50) बताया गया है. गोंदिया रेलवे पुलिस में दर्ज मामले का आरोपी निजामुद्दीन शेख फरमुद्दीन शेख पिछले 5 साल से फरार था. गोंदिया रेलवे पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी. इसी बीच आरपीएफ को सूचना मिली कि आरोपी नेपाल सीमा के पास एक इलाके में है. इस बीच, बिहार पुलिस की मदद से आरोपी को नेपाल सीमा के पास एक अत्यंत दुर्गम इलाके से पकड़ लिया गया और उचित कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई नागपुर पुलिस अधीक्षक प्रियंका नारनवरे, पुलिस उपाधीक्षक दत्ताराम राठौड़, उपविभागीय अधिकारी पाडुरंग सोनवने के मार्गदर्शन में प्रभारी अधिकारी रेलवे पुलिस, सहायक पुलिस निरीक्षक प्रतिभा राऊत, विनोद खोब्रागडे, अंमलदार धीरेंद्र कट्के ने की.

# मुले ने दी जिला सूचना कार्यालय को भेंट



**गोंदिया**-नागपुर-अमरावती विभाग के सूचना संचालक डा. गणेश मुले ने यहां जिला सूचना कार्यालय में सदिच्छा भेंट दी. इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी श्वेता पोटूडे और व उप संपादक कैलाश गजभिये ने उनका स्वागत किया. इस दौरान डा. मुले ने जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से विकास कार्यों का अधिक से अधिक प्रसार करने की सूचना दी. इस अवसर पर डा. गणेश मुले ने जिला सूचना कार्यालय की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी ली. सबसे पहले उन्होंने लेखा विभाग से कैशबुक रिकॉर्ड की जांच की. भूमि अधिग्रहण विज्ञापनों और निर्माण विज्ञापनों की सूची किस प्रकार संभाली जाती है, आने-जाने वाले रिकार्ड, उपस्थिति रिकार्ड, समाचार विभाग, मुख्यालय से आने वाले ई-मेल संदेश तथा अन्य कार्यालय कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश व मार्गदर्शन प्रदान किया. उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई देखकर संतोष व्यक्त किया. आस्थापना शाखा के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी कठिनाइयों को समझा. उन्होंने कहा कि कार्यालय आने वाले पत्रकारों व नागरिकों के साथ शिष्टाचार से पेश आना चाहिए.

लेखा विभाग से कैशबुक रिकॉर्ड की जांच, कार्यालय की साफ-सफाई से संतोष

### नया वाहन उपलब्ध कराने आश्वासन

इस दौरान जिला सूचना अधिकारी से पूछा गया कि इस कार्यालय स्थापना में बिंदु सूची के अनुसार स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है, कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं, कार्यालय वाहन की स्थिति क्या है. उक्त कार्यालय की कार्यप्रणाली को देखते हुए इस कार्यालय के लिए नया वाहन उपलब्ध करवाने के लिए वरिष्ठ स्तर पर अनुवर्ती कार्रवाई चल रही है तथा उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही इस कार्यालय को नया वाहन उपलब्ध करवा दिया जाएगा. इस अवसर पर जिला सूचना कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे.

# बौद्ध समाज के सम्मेलन में 181 युवक-युवतियों ने दिया परिचय

**अर्जुनी मोरगांव**-हाल ही में संबोधि बुद्ध विहार, संविधान चौक, अर्जुनी मोरगांव में बड़े उत्साह के साथ बौद्ध वर- वधु परिचय सम्मेलन का आयोजन हाल ही में किया गया था। क्षेत्र से 181 विवाह योग्य युवक-युवतियों ने समारोह में भाग लेकर अपना परिचय दिया। इस परिचय बैठक में कई युवक-युवतियों ने अपनी प्राथमिकताएं व्यक्त कीं और उनसे सीधे बात की।

बौद्ध समुदाय में विवाह व्यवस्था एक कठिन समस्या बनती जा रही है। युवक-युवतियों को देखना बहुत जटिल समस्या बन गई है, जिससे इस समस्या का कुछ हद तक समाधान हो सकें इस उद्देश्य से भारतीय बौद्ध महासभा शाखा बौद्ध वर-वधु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस समारोह में गोंदिया, भंडारा, नागपुर, गड़चिरोली और चंद्रपुर जिलों से कई युवक-युवतियों ने शामिल होकर अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष सोनदास गणवीर ने हर वर्ष ऐसे समारोह आयोजित करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर.के. जांभुलकर, तहसीलाध्यक्ष कल्पना लाडे उपस्थित थीं। परिचय सम्मेलन में 181 युवक-युवतियों ने परिचय दिया। संचालन पुनाराम जगजापे ने किया।

# टीसीसी ने जीता टूर्नामेंट का फाइनल



**गोंदिया** - रावजीभाई समाजवाडी में तथागत क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 3 दिवसीय प्लास्टिक बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट को पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने भेंट देकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया तथा मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं. तथागत गौतम बुद्ध व डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. मकर संक्रांति के पर्व पर विधायक जैन ने पतंगबाजी कर छोटे बच्चों को पतंग भेंट की. इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया. इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच टी.सी.सी. ने जीता. टीम ने रनरअप के रूप में गोल्डन वॉयस ने अपना नाम दर्ज किया. दोनों टीमों को ट्रॉफी, मेडल व पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया. प्रथम पुरस्कार 11000 रु., द्वितीय पुरस्कार 5000 रु. दिया गया. मैन ऑफ द टूर्नामेंट संकेत सोनवाने, मैन ऑफ द मैच छोटू मेश्राम, वेस्ट बैट्समैन छोटू मेश्राम, बेस्ट फील्डर निखिल धमगाय रहे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में शहर अध्यक्ष नानू मुदलियार व नागो बंसोड प्रमुख रुप से उपस्थिति थे. इस दौरान अविनाश राऊत, जुनेद शेख, रौनक ठाकुर, अविनाश महावत, राहुल श्रीवास, आकाश वाडवे, भजन सुखदेवे, सुशील मेश्राम, छोटू मेश्राम, मंगेश रंगारी, गोल्डी चौहान, गोल्डी मेश्राम, श्रेयस खोब्रागड़े, अमन घोड़ीचोर, संकेत सोनवाने, धोनी मेश्राम उपस्थित थे.

# जीवन में माता-पिता की सेवा सर्वोपरि मेधावी विद्यार्थियों का भी किया सत्कार



**गोंदिया**-ग्राम खातिया में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन 17 से 24 जनवरी तक किया गया है. इस अवसर पर खातिया ग्राम के विद्यार्थी जिन्होंने उच्च शिक्षा हासिल कर सरकारी नौकरियां प्राप्त की, ऐसे मेधावी विद्यार्थियों का सत्कार ग्राम पंचायत पदाधिकारियों व ग्रामवासियों के माध्यम से किया गया. ग्राम खातिया के अनेक युवा सरकारी क्षेत्रों में जैसे पुलिस विभाग, रेलवे, स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई, शिक्षा विभाग में कार्यरत होकर देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं. गांव का नाम रोशन करनेवालों में मंगेश गिरेपुंजे, रितीक कोल्हाटकर, शरद शिवनकर, शुभम तावाडे, अरविंद कुंभरे, रोहितकुमार बिसेन, दिग्विजय कोल्हाटकर, रोहित मेंढे, महेंद्र सोनवाने, दीपिका जरवार, प्रदीप तावाडे, अमनसिंह घरसेले, कृष्णकुमार गिरेपुंजे, राजेंद्र रामदत्ती व मेधावी विद्यार्थियों में धनश्री हेमराज आदि को कथावाचक महाराज ईश्वरचंद (भीम) गौतम ने आशीर्वाद देकर शाल, श्रीफल व सम्मान चिन्ह देकर सत्कार किया. बिना गुरु ज्ञान प्राप्त नहीं होता इस अवसर पर सरपंच ललित तावाडे, उपसरपंच प्रकाश गिरेपुंजे, ग्रापं सदस्य विजेंद्र मेश्राम, सुरजलाल खोटेले, रक्षा फुंडे, ओमिका बहेकार, गीता फुंडे, केशर बागडे, ललिता कोल्हाटकर आदि उपस्थित थे. कथा वाचक महाराज ईश्वरचंद (भीम) गौतम ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के महत्व को समझाते हुए बिना गुरु ज्ञान प्राप्त नहीं होता व माता-पिता की सेवा करें, ऐसे उद् ?गार व्यक्त किए.

# गोंदिया के निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माणकार्य समयसीमा को ध्यान में रखकर करे : बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले

### विधायक विनोद अग्रवाल के द्वारा आग्रह पर आयोजित बैठक में बांधकाम मंत्री ने संबधित यंत्रणा को दिए निर्देश



**गोंदिया** - गोंदिया शहर में रेलटोली, हड्डीटोली, मरारटोली ऐसे तीनो मार्गो पर रेलवे उड्डुयान पुल के बांधकाम कार्य शुरू है. जिसका निर्माण कार्य तत्काल करने हेतु राज्य के बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले से विधायक विनोद अग्रवाल ने मुंबई मंत्रालय में बैठक की. जिसमे विधायक विनोद अग्रवाल ने पुल के निर्माण के लिए 18 करोड़ रूपये की निधी उपलब्ध करवाने हेतु मांग की ताकि सभी पुलों का निर्माण जल्द हो सके इसीलिए विधायक विनोद अग्रवाल ने बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले से रखी.गोंदिया शहर के मध्यस्थल में होकर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य फिलहाल शुरू है जिसे समय सीमा को ध्यान में रखकर निर्माणकार्य में तेज गति से किये जाने की बात भी की ताकि नागरिको को तकलीफों का सामना ना करना पड़े और जल्द ही नागरिको के लिए सुविधा हो सके और उसके निर्माण कार्य में निधी उपलब्ध को भी तत्काल मंजूरी दी जाये ताकि बांधकाम निर्माण में दिक्कते निर्माण ना हो जिसके लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले से मांग की. विधायक विनोद अग्रवाल की बात को संज्ञान में लेकर बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले ने संबधित विभाग को गोंदिया के निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माणकार्य समयसीमा को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिए. बैठक के दरम्यान विधायक विनोद अग्रवाल ने गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के अनेक निर्माणकार्यो को लेकर बांधकाम मंत्री शिवेंद्र राजे भोसले का ध्यानकर्षित किया. जिसमे गोंदिया शहर में नए विश्रामगृह के निर्माण के लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने प्रमुखता से मांग रखी और कहा कि नए रूप से सुसज्ज ढंग से नए विश्रामगृह का निर्माण किया जाए साथ ही कटंगटोला- पानगांव मार्ग पर अंतर राज्यीय पुल का निर्माण, बनाथर ङ्क मूंडेसार घात पर अंतर राज्यीय पुल का निर्माण, काटी कासा मार्ग का निर्माण कासा बेनी अंतरराज्यीय पुल का निर्माण जैसे अन्य विषयों पर बैठक में चर्चा की है. जिसपर बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले ने सकारात्मकता दिखाई और सभी पर जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया. जिसके लिए विधायक विनोद अग्रवाल ने आभार व्यक्त किया. बैठक में प्रमुख रूप से बांधकाम मंत्री शिवेंद्रराजे भोसले, विधायक विनोद अग्रवाल, सचिव श्री साडूंगे, सचिव, श्री दशपुते, मुख्य अभियंता श्री नंदनवार, अधीक्षक अभियंता श्री भानुसे, कार्यकारी अभियंता श्री लभाने इत्यादी अधिकारी बैठक में प्रमुखता से उपस्थित थे.

# मेडिकल कॉलेज में 94 मरीजों की जांच-निक्षय शिविर अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम अभियान



**गोंदिया**-शासकीय मेडिकल कॉलेज में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय शिविर का आयोजन किया गया. उद्घाटन अधिष्ठाता डा. कुसुमाकर घोरपड़े, जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े, जिला क्षयरोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार, प्रा. डा. प्रदीप जूडा, डा. दुबे, डा. कुणाल गायकवाड़, डा. वैभव तुरकर, डा. हर्षदीप मेश्राम और डा. जैनीश गांधी की उपस्थिति में हुआ. डा. अभिजीत गोल्हार ने बताया कि शिविर के दौरान 94 निर्माण कार्य करने वाले मजदूरों की क्षयरोग की जांच की गई. श्रमिकों के 70 एक्स-रे और 24 बलगम के नमूने एकत्र किए गए. अधिष्ठाता डा. कुसुमाकर घोरपड़े ने बताया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी नीति के तहत टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 2025 तक टीबी पर काबू पाने के लिए विभिन्न पहलों के माध्यम से समाज से टीबी को मिटाने का लक्ष्य है. इस संबंध में रोगी खोज अभियान जिले में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 7 दिसंबर 2024 को टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है इसकी शुरुआत 7 दिसंबर से हो चुकी है और जिले में सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में नए क्षय रोगियों की खोज के लिए अभियान चलाया जा रहा है और मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है. टीबी के प्रसार को कम करने और मृत्यु दर को कम करने के लिए 7 दिसंबर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय तपेदिक मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. डा. देव चांदेवार ने बताया कि आशा कल्प संस्था के माध्यम से एक्स-रे जांच की जा रही है तथा संदिग्ध क्षय रोगियों के बलगम के नमूने लिए जाएंगे तथा नमूनों की जांच जिला क्षय रोग केंद्र गोंदिया स्थित प्रयोगशाला (डीएमसी) में की जाएगी. सफलतार्थ क्षयरोग विभाग के डा. वेदप्रकाश चौरागड़े, जिला कार्यक्रम समन्वयक कटरे, डा. देव चांदेवार, जिला पीपीएम समन्वयक प्रज्ञा कांबले, केटीएस जनरल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डा. निखिल डोंगरे, क्षय रोग पर्यवेक्षक हरीश चिंधालोरे, उर्मिला बघेल, टीबीएचवी आकाश चन्ने, योगिता अडसड, स्वास्थ्य सेविका वर्षा बोरकर, राखी गौतम, स्टाफ नर्स पायल गौतम, एक्स-रे तकनीशियन इंदर, एनजीओ के अनिकेत राऊत, आशीष बावनथड़े, प्रीत कांबले ने पहल की और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की.

# दो वर्ष से नहीं मिला प्रतापगड़ यात्रा का अनुदान

## तीर्थयात्रा आयोजित करने जिला परिषद से मिलती है सरकारी निधि

**गोंदिया**-महाशिवरात्रि पर अर्जुनी मोरगांव तहसील के ऐतिहासिक प्रतापगढ़ में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। यह ऐतिहासिक आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक हर उस्मान गनी हारुनी उर्स के रूप में पांच दिनों की अवधि के लिए मनाया जाता है। तीर्थयात्रा की योजना के लिए आवश्यक खर्च जिला परिषद गोंदिया से प्राप्त होता है, लेकिन पिछले दो वर्षों से जिला परिषद को इस यात्रा के लिए सरकारी निधि नहीं मिली है। इसलिए कि इस वर्ष की यात्रा के लिए निधि कहां से आएगी। यह सवाल प्रतापगढ़ के सरपंच भोजराम लोगड़े कर रहे हैं। अर्जुनी मोरगांव तहसील में प्रतापगढ़ गट ग्राम पंचायत के अंतर्गत ऐतिहासिक प्रतापगढ़ में हर साल महाशिवरात्रि यात्रा और उस्मान गनी हारुन उर्स बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह उत्सव पांच दिनों तक मनाया जाता है। देश के विभिन्न भागों से पांच से सात लाख श्रद्धालु दर्शन करने और उत्सव मनाने आते हैं, तथा ग्राम पंचायत में श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना न करना पडे इसके लिए सभी



सरकारी व प्रशासनिक विभागों द्वारा ग्राम पंचायत को आदेश दिया जाता है कि वे यात्रा महोत्सव को सभी विभागों के सहयोग से संपन्न कराएं। उक्त यात्रा योजना को पूर्ण करने के लिए ग्राम पंचायत को 2515 एवं जिला निधि के अन्तर्गत यात्रा अनुदान प्राप्त होता है। हर साल यात्रा योजना के लिए सरकारी अनुदान का अनुरोध किया जाता है।

ग्राम पंचायत को वर्ष 2022-23 से प्राप्त अनुदान मांग के अनुसार अल्प निधि के रूप में प्राप्त हुई है तथा वर्ष 2023- 24 का अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत ने इस संबंध में बार-बार लिखित अनुरोध किया है और इसके लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मांग के अनुसार व प्रयासों के बावजूद अभी तक अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ यात्रा महोत्सव मनाने के लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं है। इसलिए ग्राम पंचायत की मासिक बैठक में मांग की गई है कि वर्ष 2025 में होने वाले किसी भी प्रकार के यात्रा उत्सवों के लिए ग्राम पंचायत को जिम्मेदार या उत्तरदायी न ठहराया जाए तथा अनुदान तुरंत प्रदान किया जाए। प्रतापगढ़ सरपंच भोजराज लोगड़े ने बताया कि जिला परिषद गोंदिया से दोनों वर्षों का यात्रा अनुदान तत्काल प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी गोंदिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गोंदिया, उपविभागीय अधिकारी अर्जुनी मोरगांव और तहसीलदार अर्जुनी मोरगांव को पत्र भेजा गया है।

# पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करना समय की मांग : मुरूगानंथम

**गोंदिया**- सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की जिम्मेदारी पंचायत राज संस्थाओं को सौंपी है। इसलिए, पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत करना समय की मांग है। यह विचार गोंदिया जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरुगानंथम ने व्यक्त किए। वे यहां जिला परिषद आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत जिले के पंचायत समिति योजना समिति सदस्यों के एक दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान बोल रहे थे। इस समय सामान्य प्रशासन विभाग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एफ. आर. कुतीरकर, ग्राम पंचायत विभाग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. एम. वासनिक, सालेकसा पंचायत समिति सभापति प्रमिला गणवीर एवं मास्टर ट्रेनर एन. आर. जमइवार उपस्थित थे। आगे बोलते हुए मुरुगानंथम ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामस्वराज अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण लोगों की क्षमता को बढ़ाना, विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना और इस तरह लोकतंत्र के मूल्य को संरक्षित करना है। ग्राम पंचायत विकास योजना सरकार द्वारा तय की गई नौ संकल्पना के आधार पर तैयार किया जाना चाहिए। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास हो सके। लोगों को पीने के पानी की नियमित, स्वच्छ और पर्याप्त मात्रा में मिलना चाहिए। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करना जरूरी है और इसे लोगों के सहयोग से हासिल किया जा सकता है। इस मौके पर उन्होंने प्रगतिशील ग्राम पंचायतों की सराहना की। कुतीरकर ने भी मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रसंत तुक्योजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गयी। उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी वासनिक ने प्रस्तावना रखी। कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत अधिकारी पृथ्वीराज कोल्हटकर ने तथा आभार प्रदर्शन गट शिक्षाधिकारी विशाल डोंगरे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय ग्रामस्वराज्य अभियान के जिला प्रबंधक प्रकाश तिरेले, जगमोहन मानिकपुरी. रोहित बंसोड़. पवन पाथोडे, रंजीत बघेले, धर्मेन्द्र ठाकुर ने प्रयास किया।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा का अभाव




**गोबरवाही**-जिला परिषद का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नाकाडोंगरी यह मध्यप्रदेश के सीमा से लगा होने के कारण यहा प्रतिदिन रिकॉर्ड ओपीडी मरीज आते हैं. इस स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टर होने के बावजूद भी तत्पर सक्षम स्वास्थ्य सेवा का अभाव देखा जाता है. मरीजों के अनुसार यहां आने वाले मरीजों को रेफर टू तुमसन कर दिया जाता है. ग्रामीणों की मांग है कि स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो ऐसा प्रयास प्रशासन को करना चाहिए. पिछले कई दिनों से परिचर का पद रिक्त है, उसकी नियुक्ति शीघ्र की जानी चाहिए. स्वास्थ्य सलाहका समिति द्वारा ध्यान देने की आवश्यकता है

# क्रीड़ा व सांस्कृतिक महोत्सव खिलाड़ियों और कलाकारों के लिए व्यासपीठः नायर

## जिलाधिकारी ने कहा, काम के बढ़ते बोझ की वजह से स्वास्थ्य की ओर अनदेखी की जाती है

**गोंदिया.** राजस्व विभाग प्रशासन का एक अंग है। इस विभाग में काम करते समय अनेक घटनाओं का सामना करना पड़ता है। काम के बढ़ते बोझ की वजह से स्वास्थ्य की ओर अनदेखी की जाती है। खेलों के माध्यम से मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ रखने में मदद मिलती है। इस तरह की क्रीड़ा व सांस्कृतिक स्पर्धाओं से अधिकारी व कर्मचारियों में छिपे कलागुणों को बाहर निकाला जा सकता है। क्रीड़ा व सांस्कृतिक महोत्सव खिलाड़ी एवं कलाकारों के लिए एक व्यासपीठ है। जहां अंदर छिपे कलागुणों को प्रोत्साहन मिलता है। उक्ताशय के विचार जिलाधिकारी प्रजीत नायर ने व्यक्त किए। 21 से 23 जनवरी तक आयोजित जिलास्तरीय राजस्व क्रीड़ा व सांस्कृतिक स्पर्धाओं का शुभारंभ जिला क्रीड़ा संकुल गोंदिया में हुआ। इस समय वे कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान से बोल रहे थे। कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने क्रीड़ाज्योत व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस समय प्रमुखता से निवासी उपजिलाधिकारी भैयासाहब बेहेरे, उपजिलाधिकारी (सामान्य)मानसी पाटील,

(चुनाव) किरण अंबेकर सहित सभी उपजिलाधिकारी उपविभागीय अधिकारी व तहसीलदार उपस्थित थे। इस क्रीड़ा स्पर्धा में



550 अधिकारी व कर्मचारी शामिल हुए। शुरुआत में कुल 5 उपविभागों का पथसंचलन का निरीक्षण किया गया। जिसमें कुल 5 उपविभागों में से जिलाधिकारी कार्यालय की टीम ने प्रथम क्रमांक हासिल किया। इस समय तहसीलदार समशेर पठान ने सभी अधिकारी व कर्मचारियों को खेल में वचनबद्धता, प्रतिवद्धता के लिए शपथ दिलाई। संचालन मंजुश्री देशपांडे ने तथा आभार प्रदर्शन आमगांव की तहसीलदार मोनिका कांबले ने किया।

**शरीर एक क्रीड़ांगण है** - जिलाधिकारी नायर ने कहा कि मानवी जीवन में खेल एवं व्यायाम आवश्यक है। खेल और व्यायाम को जीवन में शामिल न किया जाए तो शरीर बीमारियों का घर बनता है। राजस्व क्रीड़ा स्पर्धा एक परंपरा है। क्रीड़ा संस्कृति को अपने जीवन में शामिल करने की आज आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे ने कहा कि शरीर एक क्रीडांगण है। अपना शरीर स्वस्थ व निरोगी रहना चाहिए। खेलों से मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक तनाव कम होता है। हर किसी को रोज सुबह खेल एवं व्यायाम की ओर ध्यान देना चाहिए। निवासी उपजिलाधिकारी बेहेरे ने कहा कि प्रतिवर्ष राजस्व क्रीड़ा स्पर्धा बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है। खेल यह मानवी जीवन का एक मूलभूत अंग है। खेल के लिए थोड़ा समय दिया जाए तो अपना शरीर निरोगी रहता है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में जय हो ग्रुप 11 विजेता

### 14 टीमों ने लिया भाग : साईं प्रभु 11 टीम उपविजेता



**गोंदिया**-बढ़ते कदम सिंधु सेवा समिति और सिंधु सपोर्टिंग क्लब, गोंदिया परिवार द्वारा सिंधी स्कूल ग्राउंड पर 6 दिवसीय रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ. उद्घाटन के प्रथम दिन समाज के वरिष्ठ खिलाड़ियों ने शो मैच में शानदार प्रदर्शन कर टूर्नामेंट का आगाज किया. इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने भाग लिया और 39 मैच खेले. फाइनल मुकाबले में जय हो ग्रुप 11 विजेता रहा, जबकि उपविजेता टीम साईं प्रभु 11 रही. विजेता टीम को 21,000 रु. नगद तथा उपविजेता टीम को 15,000 रु. नगद व दोनों टीमों को स्स्ष्ट परिवार और अनिल दीपक गंबानी के सौजन्य से ट्रॉफी प्रदान की गई, दोनों टीमों को और 1-1 ट्रॉफी से पंकज होतचंदानी द्वारा सम्मानित किया गया. हर मैच में खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच, नर्मदा किड्स वियर के मोहित मानकानी द्वारा दिए गए. अंतिम दिन सिंधी महिलाओं के बीच मैच मैन ऑफ द टूर्नामेंट और अन्य पुरस्कार कमेटी द्वारा प्रदान किए गए. अंतिम दिन सिंधी समाज की महिलाओं के बीच एक शानदार शो मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने भी खेल का आनंद लिया और बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन किया. स्स्ष्ट ष्यिह्लड्ढ तथा बढ़ते कदम परिवार के सभी सदस्यों, समाज के सहयोग व सभी खिलाड़ियों के जोश और उत्साह ने टूर्नामेंट को अभूतपूर्व सफलता दिलाई.

## बस से 41,200 रुपए नकद उड़ाएं

**गोंदिया**-गोंदिया तहसील के धापेवाड़ा निवासी फिर्यादी शोमकला गिरधारी टेंभरे (45) इंडसइंड बैंक आमगांव से 41 हजार 200 रु. का कर्ज से निकाले हुए पैसे लेकर आमगांव बस स्टैंड पर गई व गोंदिया बस में बैठ कर आ रही थी. इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके बैग से 41 हजार 200 रु. चुरा लिए. फिर्यादी की शिकायत पर आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## ट्रेन से कटकर युवक की मृत्यु

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत सुनी रेलवे चौकी ढाकनी रेलवे पुल क्र. 1003/29 पर 19 वर्षीय युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. मृतक की पहचान नहीं हो पाई. स्टेशन मास्टर सुमितकुमार की शिकायत पर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया. जांच पुलिस नायक सुनीता लिल्हारे कर रही हैं.

# मोबाइल वैन से 50 लोगों का निःशुल्क एक्स-रे



**गोंदिया**-प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडीकोटा अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोगरा में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस अभियान में निक्षय शिविर के माध्यम से कार्य क्षेत्र में उच्च जोखिम वाली आबादी की जांच की गई, जिसमें 2 सप्ताह से अधिक खांसी, सुस्ती, वजन कम होना, सीने में दर्द, शाम को हल्का बुखार, थूक में खून आना, तपेदिक के रोगी के साथ रहने वाले, जिन्हें पहले तपेदिक हो चुका हो, एचआईवी संक्रमित रोगी, कुपोषित व्यक्ति, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, मधुमेह रोगी और धूम्रपान करने वालों की तपेदिक के लिए जांच की गई. आयुष्मान आरोग्य मंदिरघोगरा में मोबाइल वैन के माध्यम से 50 लोगों का नि:शुल्क एक्स-रे लिया गया तथा कार्य क्षेत्र में उच्च जोखिम वाले सह रुग्णताओं की स्वास्थ्य जांच की गई. प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडीकोटा की चिकित्सा अधिकारी डा. संगीता भोयर ने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के आयुष्मान आरोग्य मंदिर घोगरा में 100 दिवसीय ञ्जक्कशिविर तहत 2025 तक टीबी पर काबू पाने के लिए विभिन्न पहलों के माध्यम से समाज से टीबी को खत्म करने का लक्ष्य है. रोग प्रतिरोधक क्षमता हो जाती है कम जिले में 7 दिसंबर 2023 को टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. क्षय रोग एक मरीज से दूसरे मरीज में थूक के जरिए फैलता है. क्षय रोग एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु से होता है- जब रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, तो तपेदिक के मामले बढ़ जाते हैं. 24 मार्ची तक 100 दिवसीय तपेदिक मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. सफलतार्थ चिकित्सा अधिकारी डा. संगीता भोयर, पलास शहारे, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डा. खुशबू नागदेवे, वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक अनुपमा बंसोड़, स्वास्थ्य सेविका मंगला रहांगडाले, स्वास्थ्य सेवक अनमोल डोंगरे, आशा सेविका मालता नंदागवली, उमान भेलावे, संगीता तिड़के उपस्थित थीं.

# 18 सरकारी कर्मचारियों से वसूले 1,920 रुपए

## गुटखा, तंबाकू खाने वालों के खिलाफ कार्रवाई



गोंदिया-राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रशासकीय इमारत में स्थित कार्यालयों में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत छापेमारी अभियान चलाया. जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे व तहसीलदार शमशेर पठान के मार्गदर्शन में प्रशासकीय इमारत में स्थित कार्यालय के विभिन्न विभागों में छापेमारी की गई तथा तंबाकू व गुटखा का सेवन व उसके पास पाए गए 18 कर्मचारियों से 1 हजार 920 रु. का जुर्माना वसूल किया गया. यह कार्यवाही तहसील कार्यालय के सहायक राजस्व अधिकारी राजेश भाऊसिंग राऊत, जिला मौखिक स्वास्थ्य अधिकारी डा. अनिल आटे, जिला सलाहकार डा. ज्योति राठौड़, मनोवैज्ञानिक सुरेखा आजाद मेश्राम, सामाजिक कार्यकर्ता संध्या शंभरकर, दंत सहायक विवेकानंद कोरे, सिपाही गंगाधर गुट्टे ने की. जिले में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीमों का गठन किया गया है. सभी सरकारी कार्यालयों में तंबाकू और तंबाकू उत्पादों का सेवन और रखना प्रतिबंधित है.

### कार्यालयों का निरीक्षण करने के दिए आदेश

इसी के तहत जिलाधीश प्रजीत नायर ने जिले के सभी सरकारी और अर्ध- सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करने का आदेश दिया है. जिले के सभी सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा है. आगामी समय में जिलाधीश, जिला परिषद, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर परिषद, तहसील कार्यालय, डाकघर आदि सहित विभिन्न कार्यालयों में झड़ती ली जाएगी. मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में पंचायत समिति कार्यालय, स्कूलों और ग्राम पंचायतों को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाने पर जोर दिया जाएगा.

# सामूहिक विवाह समारोह में 16 युगलों का करवाया निकाह

**तिरोड़ा**-गत वर्ष विधायक विजय रहांगडाले द्वारा तिरोड़ा में मुस्लिम सामूहिक विवाह का आयोजन हाल ही में किया गया था। उसी परंपरा को कायम रखते हुए मुस्लिम भाईयों ने सामूहिक विवाह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया। जिसमें 16 युगलों का निकाह करवाया। सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों हेतु विवाह को एक आदर्श और कम लागत में करने का अवसर प्रदान करना था। समारोह के आयोजन का उद्देश्य समुदाय में एकता और सहयोग का संदेश देना है। विवाह समारोह में विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया था। समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और एकता का अनूठा संदेश दिया।



कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक विजय रहांगडाले, जि.प. अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, कृषि उत्पन्न बाजार समिति अध्यक्ष जितेन्द्र रहांगडाले, अजय गौर, जि.प. सदस्य चतुर्भुज बिसेन, रजनी कुंभारे, न.प.सदस्य अशोक असाटी, राजेश गुनेरिया, बैंक सचिव डा. अविनाश जयसवाल, न.प. उपाध्यक्ष सुनील पालांदूरकर, कृउबास संचालक मिलिंद कुंभारे, आनंद बैस, पुलिस निरीक्षक अमित वानखेड़े, इज्तेमाई शादी सदर, सलामभाई, तबरेज मंसूरी एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज उपस्थित था। तिरोड़ा का मुस्लिम समुदाय इस अभिनव गतिविधि को अगले साल भी आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक युगल इससे लाभान्वित हो सकें।

## अवैध रेत सहित 27 लाख रुपए का माल किया जब्त

### चुलबंद नदी घाट पर राजस्व विभाग की कार्रवाई



**गोंदिया**-अर्जुनी मोरगांव राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने नवेगांवबांध में सड़क अर्जुनी तहसील के चुलबंद नदी घाट से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे ट्रक को जब्त किया. इस कार्रवाई में 27 लाख 9 हजार रु. का माल जब्त किया गया. इसमें ट्रक क्र. एमएच 35 -एजे 4239 कीमती 27 लाख रु. तथा 2 ब्रास रेत कीमती 9 हजार रु. जब्त किया गया. ट्रक मालिक शुभम विलास नागदेवे और कनेरी निवासी ट्रक चालक राहुल सुकाली भोयर के खिलाफ भू-राजस्व अधिनियम के तहत दंडात्मक कार्रवाई कर ट्रक को जब्त कर तहसील कार्यालय अर्जुनी मोरगांव में जमा कर दिया गया है. अर्जुनी मोरगांव राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से तहसील में अवैध रेत परिवहन में शामिल लोगों में हडकंप मच गया है.

# गोंदिया जिले की 7 पंस.पर भाजपा के सभापति व 1 पर कांग्रेस का सभापति निर्वाचित



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिले की 8 पंचायत समितियां के सभापति वह उपसभापतियों के चुनाव 20 जनवरी सोमवार को आयोजित किए गए। जिसमें 7 पंचायत समितियां में भाजपा के सभापति वह 1 पंचायत समिति में कांग्रेस का सभापति निर्वाचित हुए। गोंदिया जिले की 8 पंचायत समितियां के आगामी ढाई वर्ष के कार्यकाल के लिए सभापतियों के चुनाव 20 जनवरी 2025 को पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित किए गए थे। जिसमें 7 सभापति पद पर भाजपा के उम्मीदवार विजयी हुए तथा 1 पर कांग्रेस का उम्मीदवार विजय हुआ तथा जिले की पंचायत समितियां यो पर भाजपा ने अपना वर्चस्व फिर साबित किया। गोंदिया पंचायत समिति में वर्तमान सभापति मुनेश्वर रहांगडाले दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए वहीं उपसभापति पद पर राष्ट्रवादी कांग्रेस के शिवलाल जमरे निर्विरोध निर्वाचित हुए। गोंदिया पंचायत समिति के चुनाव के कमान विधायक विनोद अग्रवाल द्वारा संभाली गई थी जिसे फिर से भाजपा के मुनेश्वररहांगडाले निर्विरोध निर्वाचित हुए। तिरोडा पंचायत समिति पर भाजपा के तेजलाल चौहान तथा उपसभापति पद पर सुनंदा पटले निर्वाचित हुए गोरेगांव पंचायत समिति में सभापति चित्रलेखा चौधरी उपसभापति रामेश्वर महारवाडे निर्वाचित हुए। अर्जुनी मोरगांव पंचायत समिति पर भाजपा की आम्रपाली डोंगरवार तथा उपसभापति पद पर भाजपा के बागी उम्मीदवार संदीप कापगते निर्वाचित हुए। आमगांव पंचायत समिति में महिला आरक्षण था जिसमें सभापति वह उपसभापति पद पर दोनों पर महिला निर्वाचित हुए जिसमें सभापति पद पर योगिता पुंड व उपसभापति पर सुनंदा ऊके निर्वाचित हुई। सालेकसा पंचायत समिति में कांग्रेस का पूर्ण बहुमत होने से सभापति पद पर रीना युवराज कटरे तथा उपसभापति पद पर जितेंद्र बल्लारे निर्वाचित हुए।

देवरी पंचायत समिति पर भाजपा के अनिल बिसेन सभापति व शालिग्राम गुरनेले उपसभापति निर्वाचित हुए। सड़क अर्जुनी में सभापति पद पर भाजपा उम्मीदवार चेतन वडगाये वह उपसभापति पर निशा कासीवार निर्वाचित हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से स्वामित्व योजना का किया शुभारंभ

## जिले के पांजरा में प्रॉपर्टी कार्ड वितरण ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व अधिकारों के अभिलेख होंगे तैयार-जिलाधिकारी प्रजीत नायर




**बुलंद गोंदिया।** देश में स्वामित्व योजना का शुभारंभ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 18 जनवरी को दोपहर 12.30 बजे किया गया इसी के अंतर्गत गोंदिया जिले के ग्राम पंचायत पांजरा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रजित नायर ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व अधिकारों के अभिलेख तैयार किए जाएंगे तथा 711 ग्रामों का ड्रोन से सर्वेक्षण किया गया है। गौरतलब है की भूमि के मालिकाना हक को लेकर होने वाले विवादों पर लगाम लगाने के लिए स्वामित्व योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी के हस्ते संपूर्ण देश में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया गया,जिसमें देश के 230 से अधिकजिलों के 50हजार ग्रामों के संपत्ति धारकों को स्वामित्व योजना के अंतर्गत 65 लाख से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, मिजोरम, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश राज्य व जम्मू कश्मीर लद्दाख इन दो केंद्र शासित प्रदेशों में संपत्ति कार्ड का वितरण किया गया। इसी के अंतर्गत गोंदिया जिले में गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम पांजरा के जिला परिषद हिंदी प्राथमिक स्कूल में यह योजना का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रजित नायर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया व इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुरुगानंथम उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा अपने संबोधन में जानकारी देते हुए कहा कि गोंदिया जिले के 711 गांव में स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन सर्वे किया गया है जिसमें से 456 गांव की सनद प्राप्त हो चुकी है तथा जिले में सनद की संख्या 61 हजार 468 है। जिस प्रकार 7/12 में मालकियत का सबूत होता है इस तरह कानूनी रूप से मालकियत का अधिकार अब स्वामित्व योजना के अंतर्गत अभिलेख पत्रिका (प्रॉपर्टी कार्ड) व नक्शा तैयार किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से उत्पन्न का स्रोत बढ़ेगा तथा संपत्ति पर कर्ज लेने की सुविधा भी प्राप्त होगी साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों के मालकियत को लेकर होने वाले विवादों में भी कमी आएंगी, साथ ही ग्राम पंचायत के संपत्ति कर निर्धारण नमूना क्रमांक 8 स्वचालित रूप से तैयार हो जाएगा तथा इससे ग्राम पंचायत की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी तथा इस सुविधा व शासकीय योजनाओं को बनाने में काफी सहायता होगी साथ ही स्वामित्व योजना के तहत अब ग्राम की सड़क, मकान, आवास, ग्राम पंचायत के खुले स्थान, नालियों का क्षेत्रफल सीमा निर्धारित की जाएगी तथा संपत्तियों का नक्शा तैयार किया जाएगा तथा भूमि के माप के संबंध में पूर्व में अनेक त्रुटियां थीं जिन्हें अब स्वामित्व योजना के तहत सुधार किया जाएगा।

इस अवसर पर कार्यपालन अधिकारी एम. मुरुगानंथम ने कहा किअब अत्यधिक ड्रोन की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति का सटीक मैप मानचित्र व संपत्ति पत्र तैयार करना आसान और सरल हो गया है तथा इस योजना के तहत सीमा निर्धारण व मैप का कार्य अधिक प्रभावी ढंग से वह समय पर पूरा किया जा सकेगा तथा यह संपत्ति के कानूनी स्वामित्व सुरक्षा की गारंटी देता है तथा भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान किया जाएगा।

इस अवसर पर निवासी उपजिल्हाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्रामपंचायत) मधुकर वासनिक, उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसिलदार समशेर पठाण, गटविकास अधिकारी आनंदराव पिंगळे, उपअधीक्षक भूमी अभिलेख अजय क्षीरसागर, विस्तार अधिकारी (पंचायत) चुन्नीलाल गावड, जि.प.सदस्या वैशाली पंधरे, पांजरा ग्रामपंचायत सरपंच भुमेश्वरी नागपुरे व उपसरपंच रमन लिल्हारे मंचपर उपस्थित थे।

कार्यक्रम का परिचय उप अधीक्षक भू-अभिलेख अजय क्षीरसागर ने दिया, संचालन तहसीलदार शमशेर पठान ने व उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ग्राम पंचायत) मधुकर वासनिक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी नरेशचंद्र येले, प्रधानाध्यापक शेखर गेडाम और शिक्षक हेमकृष्ण टेंभुरने ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुदान लाभार्थी और पांजरा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### तबेले में लगी आग से गाय और बछड़ा झुलसे

**गोंदिया**-आमगांव शहर के तुकड़ोजी चौक में राधेश्याम कारंजेकर नामक किसान के निवास से सटे तबेले में शनिवार की मध्य रात अचानक आग लग गई. इस घटना में तनस के ढेर पूरी तरह जलकर खाक हो गए. साथ ही एक मवेशी व उसका बछड़ा झुलसने से उनकी मृत्यु हो गई. जबकि एक मवेशी घायल हो गया. इस घटना से पीड़ित किसान का बड़ा नुकसान हुआ है. शहर के मध्यभाग में किसान राधेश्याम कुरंजेकर अपने परिवार के साथ रहता है. शनिवार की देर रात जब पूरा परिवार गहरी नींद में था, तब तबेले में अचानक आग लग गई. इस घटना में एक गाय व बछड़ा झुलस गया और उनकी मौत हो गई. आग की लपटे उठती देख परिसर के नागरिकों ने आग बुझाने का प्रयास किया. लेकिन आग इतनी भयानक थी कि देखते ही देखते संपूर्ण तबेला जलकर खाक हो गया. नागरिकों की सतर्कता से एक गाय को बचा लिया गया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. पीड़ित को तत्काल मदद देने की मांग प्रा. सुभाष आकरे, कृउबास संचालक उत्तम नंदेश्वर, हुकुम बोहरे ने की है.

# गणतंत्र दिवस 26 जनवरी रविवार को सामूहिक राष्ट्रगान व तिरंगा यात्रा का आयोजन हजारों नागरिक व विभिन्न सामाजिक संगठन होंगे शामिल

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया के कुछ प्रबुद्ध नागरिकों ने मिलकर बैटर गोंदिया नाम की एक गैर राजनितिक मुहिम शुरू की है। जिसका उद्देश्य जाति, धर्म, वर्ग और राजनीति से ऊपर उठकर व्यक्तिगत बदलाव व सामूहिक प्रयासों के द्वारा गोंदिया को एक बेहतर स्थान बनाना है तथा गोंदिया के नागरिकों को जिम्मेदार, जागरूक और सक्रिय बनाने का सकारात्मक प्रयास करना है। इसी अभियान शुरुआती कड़ी में शहर को एकजुट करने के उद्देश्य से आनेवाले गणतंत्र दिवस, रविवार, 26 जनवरी को बेहतर गोंदिया के संकल्प के साथ सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया है। यह एक अनोखा व अभूतपूर्व कार्यक्रम होगा जिसमें सारे गोंदिया वासी समाज-धर्म-वर्ग-राजनीति से ऊपर उठकर एक साथ-एक ही समय दोपहर 12.12 बजे देशभक्ति के भाव से राष्ट्रगान गाएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत तिरंगा सम्मान यात्रा के साथ होगी जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक व पेशेवर संगठन शामिल होंगे।

BETTER GONDIA

यात्रा शंकर चौक से शुरू होकर नेहरू चौक पहुंचेगी। जिसमें शामिल संगठन पूरे मार्ग में अपनी-अपनी पूर्वनिर्धारित जगह पर ससम्मान एक विशाल तिरंगा थामेंगे व निश्चित दूरी के बाद दूसरे संगठन के प्रतिनिधी को सौंपकर यात्रा के साथ जुड़ते जाएंगे।

### तिरंगा सम्मान यात्रा का समय व विवरण

शुरुआत सुबह ठीक 10.10 बजे शंकर चौक से शुरू होकर भवानी चौक - चांदनी चौक - इसरका मार्किट - दुर्गा चौक - सराफा लाइन - गोरेलाल चौक - सिटी पुलिस थाना - गांधी प्रतिमा चौक - जयस्तंभ चौक - डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर पुतला चौक - पं. जवाहरलाल नेहरू चौक होते हुए स्व. इंदिरा गांधी स्टेडियम के पास 11.30 बजे पहुंचेगी। उसी स्थान पर ठीक 12.12 बजे हजारों गोंदिया वासी बेहतर गोंदिया के संकल्प के साथ सामूहिक राष्ट्रगान करेंगे।

इसी कार्यक्रम में मेरा गोंदिया, मेरी जिम्मेदारी की मुहिम शुरू की जाएगी जिसमें उपस्थित जनसमूह कुछ व्यक्तिगत तथा सामूहिक प्रण लेंगे कि कैसे सभी मिलकर गोंदिया को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं। ज्ञात रहे कि बैटर गोंदिया केवल एक और नया संगठन न होकर सभी आम और खास गोंदिया वासियों के मन गोंदिया को बेहतर बनाने के भाव को एकत्रित कर उसे आगे बढ़ाने निस्वार्थ एवं सात्विक प्रयास है। बेटर गोंदिया के सकारात्मक अभियान से जुड़ने व सामूहिक राष्ट्रगान के इस कार्यक्रम से बड़ी संख्या में जुड़ने की अपील बैटर गोंदिया की टीम ने की है।

# मारवाड़ी युवा मंच का समाजसेवी विभूतियां को सम्मानित व शपथ ग्रहण समारोह 26 जनवरी को



**बुलंद गोंदिया।** सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित करने व मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी व सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 26 जनवरी 2025 को गुरु नानक ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया है। गौरतलब है की गोंदिया शहर की 40 वर्ष पुरानी समाजसेवी संस्था मारवाड़ी युवा मंच की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है जिनका शपथ ग्रहण समारोह व समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवी विभूतियों को सम्मानित करने हेतु भव्य आयोजन रविवार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरु नानक ऑडिटोरियम हाल में दोपहर 12.30 बजे आयोजित किया गया है। मारवाड़ी युवा मंच की कार्यकारिणी का गठन 20 जनवरी को संस्थापक पुरुषोत्तम मोदी, पूर्व अध्यक्ष मनोज जोशी, प्रकाश सिंगी की प्रमुख उपस्थिति में आयोजित सभा में किया गया। जिसके आगामी कार्यकाल के लिए अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सुशील जालू ,सचिव पदम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोहन खंडेलवाल ,शिक्षा समिति राहुल अग्रवाल , शासकीय योजना समिति अंकुर हिसारिया, रोजगार समिति सुनील शर्मा, जल समिति हर्ष अग्रवाल, प्रचार प्रमुख नवीन अग्रवाल, आवास समिति जयंत अग्रवाल, व्यक्तित्व विकास समिति सौरभ अग्रवाल वह कार्यकारिणी सदस्यों में ,पंकज अग्रवाल , सचिन अग्रवाल, आनंद शर्मा, मनीष जोशी,जितेंद्र खंडेलवाल, मुकेश खंडेलवाल, काजू शर्मा, बबलू शर्मा, मनीष शर्मा, राजेश शर्मा, राजा ईसरका, सुशील जालू अनिल शर्मा को मनोनीत किया गया। मारवाड़ी युवा मंच की आयोजित सभा में आगामी दिनों में समाज के हितों में विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन करने का संकल्प लिया गया है जिसे इन सामाजिक कार्यों में समाज बंधुओ द्वारा सहयोग देने व संस्था के सदस्य बनने का आव्हान नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश शर्मा वह समस्त कार्यकारिणी व सदस्यों द्वारा द्वारा किया गया है साथ ही उपरोक्त आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निवेदन किया गया है।

# जमीन अतिक्रमण विवाद में जान से मारने का प्रयास पिता-पुत्र को 5 साल की सजा



**गोंदिया**-प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े ने सरकारी जमीन का अतिक्रमण निकालने के लिए सभा में हुए विवाद को मन में रख कर एक व्यक्ति को जान से मारने का प्रयास करने वाले सड़क अर्जुनी तहसील के हेटी-गिरोला निवासी आरोपी सुरेश सदाशिव लांजेवार (58) व माणिक सुरेश लांजेवार (24) को पांच साल की सजा व 5 हजार रु. जुर्माने की सजा सुनवाई है. सड़क अर्जुनी तहसील के हेटी-गिरोला निवासी आरोपी सुरेश सदाशिव लांजेवार (58) व माणिक सुरेश लांजेवार (24) ने सरकारी जमीन का अतिक्रमण निकालने के लिए सभा में हुए विवाद के चलते फिर्यादी के भाई तुकाराम हगरू लांजेवार (65) को कुल्हाड़ी व लाठी से मारकर जान से मारने का प्रयास किया. फिर्यादी की शिकायत पर डुग्गीपार पुलिस ने मामला दर्ज किया था. यह मामला न्यायालय में शुरू था. न्यायालय में सुनवाई के दौरान पंच, गवाहों के बयान, मजबूत सबूत और तर्कों को सुनने के बाद प्रमुख जिला व सत्र न्यायाधीश वानखेडे ने 17 जनवरी को हेटी- गिरोला निवासी आरोपी सुरेश लांजेवार व माणिक लांजेवार को सजा सुनवाई है. मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक विजय सांडभोर ने की. सरकार की ओर से सरकारी वकील पारधी ने पक्ष रखा. पैरवी हवलदार सुनील मेश्राम ने की.

# छेड़छाड़ करने पर 3 साल का कारावास

**गोंदिया**-प्रमुख जिला विशेष सत्र न्यायालय ने सड़क पर कालेज जाने वाली लड़कियों से छेड़छाड़ करने वाले गोरेगांव तहसील के म्हसगांव निवासी आरोपी पिंटू उर्फ विकास टेंभुर्णीकर (33) को 3 वर्ष के सश्रम कारावास और 6,500 रु. के जुर्माने की सजा सुनाई है. यह सुनवाई प्रमुख जिला व विशेष सत्र न्यायाधीश ए. टी. वानखेड़े ने की. 28 जुलाई 2017 को सुबह करीब 11.45 बजे आरोपी पिंटू टेंभुर्णीकर और उसका दोस्त नरेश रमानी भास्कर (31) ने मोटरसाइकिल से गोरेगांव के कॉलेज से अपने घर लौट रही एक 17 वर्षीय लड़की का पीछा किया और उसके सिर पर हाथ से मारा. परिणामस्वरूप पीड़िता साइकिल से गिर गई और उसके हाथ में मामूली चोटें आईं. जब पीड़िता नीचे गिरी तो दोनों आरोपी उस पर हंस रहे थे. इस मामले मेंपीड़िता की ओर से अतिरिक्त सरकारी वकील कृष्ण पारधी के विस्तृत बहस के बाद प्रमुख जिला व विशेष सत्र न्यायाधीश ए.टी. वानखेड़े ने सजा सुनाई. इस मामले में पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन और पुलिस निरीक्षक भुसारी के देखरेख में पुलिसकर्मी प्रकाश सिरसे ने पुलिस पैरवी की.फैसले से पहले 1 आरोपी की हो चुकी है मौत इस मामले में आरोपी नरेश भास्कर की अचानक मृत्यु हो गई. जबकि मामला न्यायालय में चल रहा था, इसलिए आरोपी विकास टेंभुर्णीकर के खिलाफ न्यायालय में मामला जारी रखा गया.

# पिंडकेपार में शिवपुराण 2 से ज्ञानेश्वरी दीदी का वाचन



**गोरेगांव**-तहसील के पिंडकेपार में ग्राम उत्सव समिति पिंडकेपार की ओर से संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन पिंडकेपार निवासी प्रा. चंद्रकिशोर उरकुडा पटले के मैदान पर होगा. कथा आयोजन की ओर से ने बताया गया कि 2 से 9 फरवरी तक शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक कथा का आयोजन होगा. जिसमें विदर्भ कन्या ज्ञानेश्वरी दीदी श्री शिव महापुराण का वाचन करेंगी. शिव महापुराण की शोभायात्रा व कलश यात्रा 2 फरवरी को दोपहर 12 बजे कन्हारटोला में स्थित श्री हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगी व कथा स्थल तक जाएगी. कथा की तैयारियां शुरू हो चुकी है. समिति की ओर से ग्राम में भ्रमण कर सभी ग्रामवासियों को श्री शिव महापुराण का निमंत्रण देकर सहयोग की अपील की जा रही है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।